भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 15
दिनांक 18 जुलाई , 2018 / 27 आषाढ़, 1940 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना का प्रारूप

15. श्रीमती विजिला सत्यानंत:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उड़े देश का आम नागरिक, (उड़ान) योजना की सफलता से उत्साहित होकर सरकार इस योजना के एक अन्य प्रारूप पर कार्य कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि अब राज्यों के पास उन क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को राजसहायता प्रदान करने का विकल्प होगा जहां ऐसी सेवाएं कम हो लेकिन अब वहां इन सेवाओं के बड़े बाजार बनने की संभावनाएं बन रही हो; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जयंत सिन्हा)

(क) से (घ): नागर विमानन मंत्रालय ने पर्यटन मंत्रालय के अनुरोध पर भारत में अन्य शहरों के लिए पर्यटन गंतव्यों को जोड़ने के लिए उड़ान योजना के दूसरे रूप पर कार्य आरंभ कर दिया है।

*****